# डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 28 मई, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com




## एक नजर

### कोरोना संकटः पंजाब ने केन्द्र से मांगे 51102 करोड़



**चंडीगढ़ :** कोविड महामारी और लंबे लॉकडाउन के कारण पैदा हुए वित्तीय संकट और बढ़ रही आर्थिक मुश्किलों में से राज्य को बाहर निकालने में सहायता के लिए पंजाब सरकार द्वारा केंद्र सरकार से 51,102 करोड़ की वित्तीय सहायता लेने का फैसला किया गया है। इस संबंधी तैयार माँग पत्र को मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह की अध्यक्षता में हुई पंजाब मंत्रीमंडल की मीटिंग में आज मंजूरी दी गई है। मंत्रीमंडल द्वारा केंद्र सरकार को सौंपे जाने से पहले इस माँग पत्र में संशोधन के अधिकार मुख्यमंत्री को दिए गए हैं।

### देश में पहली बार लाइट से मजदूरों की घर वापसी, मुंबई से झारखंड पहुंचे 180 श्रमिक

**रांची :** लॉकडाउन लागू होने के बाद घर वापसी को लेकर मजदूर पैदल, साइकिल से, बसों-ट्रकों से और सरकार के फैसले के बार श्रमिक ट्रेनों से लौटे लेकिन अब देश में पहली बार सरकार मजदूरों को फ्लाइट से वापस लेकर आई है। ये कदम झारखंड के मजदूरों के लिए उठाया है। दरअसल, कोरोना वायरस संकट के इस दौर में बेंगलूरु नेशनल लॉ स्कूल के एलुमनाई ने सामाजिक सरोकार का अच्छा उदाहरण पेश कर सबको चौंका दिया है।

### यूपी में तबाही मचाने पहुंचा पाक टिड्डी दल



**लखनऊः** पहले से लॉकडाउन का शिकार किसान अब पाकिस्तानी टिड्डियों की आफत से बहुत डरा और घबराया हुआ है. उत्तर प्रदेश के सोनभद्र और झांसी में टिड्डियों के हमले के बाद प्रदेश के एक दर्जन जिलो में पाकिस्तानी टिड्डी दल के हमले से निपटने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए. इसके बाद इन सभी जिलो में अलर्ट जारी कर बचाव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.

### कोरोना की वैक्सीन बनाने में जुटे देश के 30 ग्रुप

**नई दिल्ली :** कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में भारत को बड़ी कामयाबी मिली है. देश में तीन तरह के टेस्ट विकसित हो चुके हैं, जबकि चौथी की भी पूरी तैयारी है. एक टेस्ट आईआईटी दिल्ली ने विकसित किया है और एक चित्रा इंस्टीट्यूट ने. गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की ओर से इसकी जानकारी दी गई. भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर के विजय राघवन ने कहा देश में 30 ग्रुप हैं जो कोरोना की वैक्सीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं. यह बहुत रिस्की प्रॉसेस है।

### भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा में दिखे कोरोना के लक्षण



**नई दिल्ली :** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा को गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा कि संबित पात्रा में कोरोना के लक्षण दिखने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पात्रा के अस्पताल में भर्ती होने पर बीजेपी नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया और तेजिंदर पाल सिंह बग्गा ने ट्वीट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है.

---

**भारत में कोरोना का खतरनाक रुख**

## दिन-ब-दिन बढ़ रहा मरने वालों का आंकड़ा- पिछले 24 घंटों में 194 मौतें



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

देश में कोरोना वायरस अब खतरनाक रुख अख्तियार करता जा रहा है। पिछले 24 घंटे के अंदर कोरोना की चपेट में आकर 194 लोगों की मौत हो चुकी है। एक दिन में जान गंवाने वालों का यह सर्वाधिक आंकड़ा है। पिछले 24 घंटे के अंदर 6566 नए केस आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के जारी आंकड़ों के मुताबिक अब देश में कुल मरीजों की संख्या 1 लाख 58 हजार 333 है। इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आकर अब तक 4 हजार 531 लोगों ने जान गंवा दी है। गनीमत की बात है कि अब तक 67 हजार 692 लोग ठीक भी हो चुके हैं। अभी देश में 86 हजार 110 एक्टिव केस हैं। बता दें कि देश कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा हर रोज बढ़ता जा रहा है। 20 मई को 140 लोगों की मौत हुई थी। 21 मई को 132, 22 मई को 148, 23 मई को 137, 24 मई को 147, 25 मई को 154, 26 मई को 146, 27 मई को 170 और आज यानी 28 मई को 194 लोग कोरोना से जंग हार गए। इसी तरह पॉजिटिव मामलों में भी हर रोज 6 हजार से अधिक केस सामने आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार 22 मई से हर रोज कोरोना के नए मरीजों का मरीजों का आंकड़ा 6 हजार के पार रह रहा है। 22 मई को 6088, 23 मई को 6654, 24 मई को 6767, 25 मई को 6977, 26 मई को 6537, 27 मई को 6387 और आज यानी 28 मई को 6566 नए मामले सामने आए हैं।

---

**J-K: IED साजिश पर बड़ा खुलासा**

## सीआरपीएफ के 400 जवानों को निशाना बनाना चाहते थे आतंकी

**डेली संवाद, श्रीनगर**

कश्मीर के आईजी विजय कुमार ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए हिजबुल और जैश के आतंकी समूह ने अपनी कार पर 40 से 45 किलोग्राम का आईईडी (विस्फोटक) लगाया। उन्होंने कहा कि हमलावर दो चेक प्वाइंटों को पार करने के बाद अपने वाहन को छोड़कर मौके से भागने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा, ÷कार के बारे में सूचना मिलने पर हमने नाके के लिए बिंदू (चेक प्वाइंट्स) तैयार किए। चेताने के लिए सुरक्षाबलों ने एक दो राउंड गोलियां चलाई। हालांकि, वाहन चालक नहीं रुका और अगले नाके पर कार को फिर रोका गया, फिर चेतावनी फायर किया गया। लेकिन हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि घेरा कड़ा कर दिया गया और सुबह बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और उसने पाया कि वाहन विस्फोटक से भरा हुआ है। आईजी ने




कहा, पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की टीमें मौके पर पहुंचीं और आईईडी को डिफ्यूज कर एक बड़ी त्रासदी को टाला गया। उन्होंने कहा कि जैश के आतंकवादी जंग-ए-बदर के दिन इस तरह के हमले को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं, इसका पुलिस को खुफिया इनपुट मिला था। इस बीच जम्मू एवं कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि आईईडी बनाने और सैंट्रो कार पर इसे लगाए जाने के पीछे पाकिस्तानी आतंकवादी वलीद के होने की संभावना है। दिलबाग सिंह ने कहा, वह फरार है और शायद कुलगाम में छिपा है। वरिष्ठ पुलिस अफसरों को शक है कि आतंकियों के टारगेट पर सीआरपीएफ के 400 जवान थे। आतंकी आईईडी के जरिए सीआरपीएफ की 20 गाड़ियों को निशाना बनाने वाले थे। सीआरपीएफ की गाड़ियों का ये काफिला आज सुबह श्रीनगर से जम्मू के लिए जाने वाला था। सुबह 7 बजे श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम से ये कन्वॉय जम्मू के लिए रवाना होने वाला था। सुरक्षा बलों को पिछले कुछ दिनों से हमले के खुफिया इनपुट मिल रहे थे जिसके बाद जबरदस्त सर्च ऑपरेशन चल रहा था। नाकेबंदी के दौरान 50 किलो आईईडी से लदी कार ट्रेस हुई।

---

## तरनतारन में किसान ने खेत में छिपा कर रखी थी 40 करोड़ की हेरोइन

**डेली संवाद, तरनतारन**

तरनतारन पुलिस ने किसान और पाकिस्तान में बैठे तस्करों के एक नेक्सेस को तोड़कर करोड़ों की हेरोइन बरामद की है। ये हेरोइन किसान ने खेत में छिपाई हुई थी। पुलिस को कुल 8 किलो 30 ग्राम हेरोइन और अफीम बरामद हुई है। एसएसपी ध्रुव दहिया ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भारत-पाकिस्तान सीमावर्ती गांव रतोके के किसान गुरलाल सिंह ने अपने कुछ साथियों की सहायता से अपने खेत में पाकिस्तानी तस्करों द्वारा भारी मात्रा में भेजी गई हेरोइन दबा कर रखी है। पुलिस ने खेत में दबा कर रखी 8 किलो 30 ग्राम हेरोइन और 30 ग्राम अफीम बरामद की। आरोपी गुरलाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है जोकि गैस कटर से एक एटीएम मशीन को काटने के मामले में पुलिस को वांछित था। एसएससी ध्रुव दहिया ने बताया कि गुरलाल सिंह और उसके साथियों

**● पुलिस ने खोद कर निकाली खेप**



की पाकिस्तानी तस्करों के साथ संबंध कैसे बने और पाकिस्तानी तस्करों द्वारा अब तक भारत पाकिस्तान सीमा के माध्यम से पंजाब में कितनी हेरोइन भेजी गई है इन सब पहलुओं की जांच की जा रही है। अंतरराष्ट्री बाजार में इस हेरोइन की कीमत 40 करोड़ बताई जा रही है।

---

## सात समंदर पार अमेरिका में रहने वाले जालंधर के गाखल ब्रदर्स भारतीयों के लिए बने मसीहा

**डेली संवाद, जालंधर**

सात समंदर पार अमेरिका में बैठे जालंधर के गाखल ब्रदर्स इस लाकडाउन में भारतीयों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं रहे। जिस वक्त लाकडाउन में लोग फंस कर खाना-पानी के लिए परेशान थे, उस वक्त गाखल ब्रदर्स उनके लिए न केवल खाना-पानी का इंतजाम किया, बल्कि जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ा सहारा बन गए। लॉकडाउन के दौरान वैसे तो हर कोई मजबूर है। लेकिन इस मुसीबत के वक्त जो दूसरों के काम आए वह किसी मसीहा से कम नहीं है। इस शब्द को चरित्रतार्थ कर रहे हैं जालंधर के



गाखला निवासी दोनों भाई। वर्तमान में दोनों भाई अमेरिका में बैठ कर पंजाब से अपने प्रदेश लौटने वाले प्रवासी मजूदरों के जख्म पर मरहम लगाने का काम कर रहे हैं। अमेरिका निवासी अमलोक सिंह गाखल और पलविंदर सिंह गाखल दोनों लोग गाखल ब्रदर्स के नाम से प्रसिद्ध हैं। दोनों भाई लॉकडाउन में गरीबों की मदद में तत्पर हैं। पंजाब के विभिन्न जिलों से प्रदेश लौटने वालों की पूरी मदद कर रहे हैं। वह लोगों की मजबूरों को समझते हुए उनका पेट भरने के अलावा पांवों में छालों को दर्द न सहन करना पड़े इसके लिए चप्पल तक मुहैया करवा रहे हैं। इसके अलावा परिवार का भरण-पोषण करने के लिए राशन भी मुहैया करवा रहे हैं। अभी तक दोनों भाई करीब लाखों रुपये खर्च कर हजारों परिवारों के सदस्यों की मदद कर चुके हैं। दोनों भाईयों का कहना है कि वह इस सेवा को निरंतर जारी रखेंगे। पंजाब में उनका पूरा सहयोग विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य भागीरथ भूषण पांडेय कर रहे हैं। वह स्थानीय लोगों के संपर्क में हैं। यदि किसी को जरूरत पड़ती है तो वह उनके यहां दिन रात की परवाह न करते हुए सहायता प्रदान करने पहुंच जाते हैं।

---

## जालंधर में छात्रों ने डीसी दतर के सामने किया प्रदर्शन, सौंपा मांग पत्र

**डेली संवाद, जालंधर**

स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (एसओआई) दोआबा जोन की तरफ से डीसी ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में स्टूडेंट्स से ली जा रही फीस को लेकर रोष जताया गया। आर्गेनाइजेशन के प्रधान अमृतपाल सिंह ढल्ली, दीपक बाली व नवदीप की अध्यक्षता में स्टूडेंट्स संघर्ष मोर्चा ने डीसी को मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा और फीस से राहत दिलाने की मांग की। स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन के सदस्यों का कहना है कि कोविड-19 के चलते जिले में सारा व्यापार और रोजगार के सभी साधन बंद थे। आम लोगों की आमदनी का कोई स्त्रोत नहीं है। इसके



साथ ही जिले के सभी स्कूल और कॉलेज पिछले तीन महीने से बंद हैं। इस संकट के दौर में ऑनलाइन पढ़ाई करवाने के बाद संस्थाओं की तरफ से भारी फीसों की मांग की गई है, मगर इसमें भी सिलेबस तो सिर्फ 25 फीसद ही कवर हुआ, जबकि कॉलेज 80 फीसद सिलेबस पूरा करने का दावा कर रहे हैं। लॉकडाउन के कारण किताबों की दुकानें तक बंद थी। कैप्टन सरकार ने स्मार्टफोन देने का दावा जरूर किया था, मगर मिला किसी को नहीं। इसलिए स्मार्टफोन न होने के कारण कई स्टूडेंट्स ऑनलाइन पढ़ाई नहीं कर पाए हैं। संकट के इस समय में कई स्टूडेंट्स के पास कोई अन्य साधन भी नहीं था। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़े स्कूल और कॉलेजों की जांच करें और फीसें में रियायत दिलवाई जाए।

---

## सैनिटाइजर की आड़ में फैक्टरियां बनाती रहीं शराब

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब में शराब के कारोबार की परतें बड़े गोरखधंधे के रूप में खुलने लगी हैं। एक्साइज विभाग ने हाल ही में राज्य की डिस्टलरीज का स्टॉक चेक करने के लिए जो छापामारी की थी, उसमें सनसनीखेज तथ्य सामने आ रहे हैं। कोविड-19 के कारण कर्फ्यू-लॉकडाउन लागू होते ही राज्य में शराब के कारोबार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सियासी नेताओं और भ्रष्ट एक्साइज अफसरों की तो जैसे लाटरी ही लग गई थी। आपसी मिलीभगत से साथ राज्य में जमकर शराब की ब्लैकमार्केटिंग की गई। पता चला है कि शराब की ब्लैक मार्केटिंग तैयार स्टॉक के सहारे ही हो रही थी लेकिन राज्य सरकार ने जब डिस्टलरीज को सैनिटाइजर तैयार करने की अनुमति दी तो डिस्टलरीज मालिकों ने उसकी आड़




में शराब की प्रोडक्शन ही खोल दी। एक्साइज विभाग की जांच में सामने आया है कि इस धांधली में डिस्टलरीज में तैनात अधिकतर एक्साइज इंस्पेक्टर भी शामिल रहे। हालांकि विभाग ने फिलहाल त्वरित कार्रवाई के तहत अधिकांश डिस्टलरीज में तैनात अफसरों का तबादला कर दिया है लेकिन अगली बड़ी कार्रवाई धांधली की पूरी जांच के बाद होगी। शराब तैयार करने के लिए जिस केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, उसी का उपयोग करके सैनिटाइजर तैयार किया जाना था।

---

## लॉकडाऊन 5 को लेकर राज्य सरकारों से केंद्र का मंथन

**डेली संवाद, नई दिल्ली :** कोरोना वायरस से बचाव के लिए लगाया लॉकडाऊन 4.0 को खत्म होने में 4 दिन बचे हैं।?इस लॉकडाऊन के खत्म होने की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे इस लॉकडाऊन के बढने, रियायतों के संबंध में कयासों का बाजार गर्म होता जा रहा है।?इन्हीं कयासों के बीच कोई कह रहा है कि लॉकडाऊन 5.0 आएगा और कोई कह रहा है कि?ऐसा कुछ नहीं होगा बल्कि रियायतें पहले से काफी ज्यादा बढ़ जाएंगी।?हालांकि इस बारे में सरकार की तरफ से कोई?भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई?है फिर भी कयास जारी हैं। इस बीच आज कैबिनेट सेक्रेटरी राजीव गौबा ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रमुख स्वास्थ्य सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

---

## थर्मल प्लांटों को लगे जुर्माने लोगों से वसूलने का 'आप' ने किया विरोध

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने कैप्टन अमरिन्दर सिंह सरकार को चेतावनी दी है कि केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा राज्य के निजी और सरकारी थर्मल प्लांटों को प्रदूषण नियंत्रण उल्लंघनाओं के कारण लगे जुर्माने को पंजाब के बिजली उपभोक्ताओं पर डालने की कोशिश न की जाए, क्योंकि सरकारें-राजनीतिज्ञों की बिजली माफिया के साथ उच्च स्तरीय सांठ-गांठ होने के कारण पहले ही राज्य के लोग सबसे महंगी बिजली खरीदने के



लिए मजबूर हैं।

पार्टी हैडक्वाटर से जारी बयान के द्वारा पार्टी के राज्य अध्यक्ष व सांसद भगवंत मान ने कहा कि यदि प्राईवेट या सरकारी थर्मल प्लांट नियमों अनुसार खतरनाक तत्व सल्फर डाइऑक्साइड की निकासी कम करने के लिए जरुरी फल्यू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) सिस्टम को नहीं लगाते और इस उल्लंघन के लिए इन थर्मल प्लांटों को भारी जुर्माना लगता है तो उस जुर्माने की रकम पंजाब के बिजली उपभोक्ता क्यों उठवाएं?

---

## पूर्व सीपीएस केडी भंडारी से आशीर्वाद लेने पहुंचे नवनियुक्त जिला प्रधान सुशील शर्मा

**डेली संवाद, जालंधर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला जालंधर के नवनियुक्त प्रधान नगर निगम पार्षद सुशील शर्मा को बनाया गया। सुशील शर्मा ने आज नॉर्थ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव पंजाब सरकार केडी भंडारी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूर्व सीपीएस भंडारी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सुशील शर्मा पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे। पूर्व सीपीएस भंडारी ने सुशील शर्मा को नई



जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सीनियर भाजपा नेता राजू मागो, नीरज जस्सल उपप्रधान मंडल नंबर 1, हितेश स्याल महामंत्री मंडल नंबर 1, और नितिन दत्ता ने भी नवनियुक्त प्रधान को शुभकामनाएं दी।







